हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 16 मार्च 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 केंद्रीय मंत्री शिवराज ने खंडेलवाल निवास पर...



07 श्री बूढ़ी माता मंदिर में गूंजी रामचरित मानस की...



## खबर संक्षेप

### कमानी कॉम्प्लेक्स में बिजली मीटर में आग, बुझाई

**नर्मदापुरम।** जयस्तंभ चौक स्थित कमानी कॉम्प्लेक्स के ग्राउंड फ्लोर पर रविवार सुबह करीब 11 बजे बिजली मीटर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही कॉम्प्लेक्स में रहने वाले 6 परिवारों में हड़कंप मच गया। सुरक्षा के लिए बिजली सप्लाई बंद कर दी गई और स्थानीय युवाओं ने रेत-मिट्टी डालकर आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया।

### केमिस्ट एसोसिएशन ने वाटर कूलर लगाया



**इटारसी।** केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा बस स्टैंड पर वाटर कूलर की सौगात दी गई है। जिसका शुभारंभ रविवार को क्षेत्रीय विधायक सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा किया गया। वाटर कूलर का शुभारंभ के अवसर पर विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि अभी तक संगठन और केमिस्ट साथी, दवा की सेवा करते आए हैं अब पानी की सेवा भी दवा व्यापारियों द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कामेश अग्रवाल द्वारा सभी साथियों का सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### 7 मार्च को अवयवों की जब्ती हुई थी, 15 मार्च को आरोपियों की गिरफ्तारी हुई

# निजी रिसोर्ट से वन्यजीवों के अवयव जब्त किए गए थे, दो आरोपी जेल भेजे

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में वन्यजीवों के अवयवों के प्रदर्शन के मामले में दो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को 25 मार्च तक न्यायिक रिमांड पर पिपरिया उपजेल भेज दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में स्थित फोरसिथ रिसोर्ट के डिस्प्ले में रखे वन्यजीवों के आर्टिकल्स के मामले में रविवार को दो आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोहागपुर की अदालत में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें 25 मार्च तक के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की जमानत पर न्यायालय द्वारा फैसला दिया जाएगा।

मामले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बागड़ा बफर जोन रेंजर विलास डोंगरे डोंगरे ने बताया कि 7 मार्च को राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में फोरसिथ रिसोर्ट के



डिस्प्ले में रखे गए वन्यजीवों के अवयवों की जब्ती बनाई गई थी। इन अवयवों में हिरण के सींग, सर्प की केंचुली तथा सेही वन्य जीव के कांटे शामिल थे। इस प्रतिबंधित प्रक्रिया के चलते वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए मामले में दो आरोपी बनाए गए थे। उक्त आरोपियों में फोरसिथ रिसोर्ट के मैनेजर निपुन महतो तथा नेचुरलिस्ट फैज अंसारी शामिल थे। रेंजर विलास डोंगरे के अनुसार दोनों आरोपियों को रविवार को हिरासत में लेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तेज़दीप सासन के न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें 25 मार्च तक की ज्यूडिशियल रिमांड पर पिपरिया उपजेल भेजा गया है।

### वन विभाग ने की गड़बड़ी

मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रतीक प्रभात चंद्र तिवारी निवासी सोहागपुर का कहना है कि मामले में वन विभाग ने गड़बड़ी की है, क्योंकि वन विभाग के अनुसार वन्यजीवों के अवयव सात मार्च को फोरसिथ रिसोर्ट से जब्त किए गए थे। तिवारी का कहना है कि यदि यह मामला संवेदनशील है, तो तत्काल आरोपियों को हिरासत में क्यों नहीं लिया गया।

अधिवक्ता प्रतीक प्रभात चंद तिवारी के अनुसार आरोपियों को एक सप्ताह बाद हिरासत में लिए जाने से वन विभाग द्वारा प्रकरण में गड़बड़ी की आशंका है। यही बात उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपनी दलील में प्रस्तुत की है। अधिवक्ता तिवारी के अनुसार सोमवार को न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों की जमानत की अर्जी पर फैसला सुनाया जाएगा।

#### जेल पहुंचा रहे

दोनों आरोपियों को रविवार को पड़कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें 25 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**विलास डोंगरे,** रेंजर बागड़ा बफर जोन, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व।

#### यह है मामला

उल्लेखनीय है कि 11 मार्च की शाम सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर द्वारा प्रेस नोट जारी किया गया था। जिसमें उल्लेख था कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के वन परिक्षेत्र बागड़ा बफर अंतर्गत मढ़ई स्थित एक निजी रिसोर्ट फोरसिथ रिसोर्ट की जांच के दौरान अमले को वन्यप्राणी के अनाधिकृत अवयव प्राप्त हुए हैं। जिसमें वन्यप्राणी चीतल के एन्टलर अर्थात सींग चार नग, सेही के कांटे चार नग एवं सर्प की कांचली दो नग अनाधिकृत रूप से बिना किसी स्वीकृति के डिस्प्ले में रखी हुई पाई गई। एसटीआर असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोबरागड़े के अनुसार यह कार्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। मामले में जांचदल ने रिसोर्ट मैनेजर निपुन महतो तथा नेचुरलिस्ट फैज अंसारी को आरोपी बनाया था।

#### गड़बड़ी की होगी

7 मार्च को वाइल्डलाइफ आर्टिकल्स की जब्ती हुई। लेकिन आरोपियों को 15 मार्च को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान वन विभाग ने मामले में गड़बड़ी की होगी, यह बात हमने न्यायालय के समक्ष दलील में कही है।

**प्रतीक प्रभात चंद्र तिवारी,** बचाव पक्ष अधिवक्ता, सोहागपुर।

# ट्रॉली हटाने के विवाद में युवक की निर्मम हत्या, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की न्यास कॉलोनी के पास स्थित ओझा बस्ती में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक जघन्य हत्याकांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामूली विवाद ने ऐसा खूनी रूप अख्तियार किया कि हमलावरों ने एक युवक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक जयदीप उर्फ बंटा भाट, निवासी भाट मोहल्ला अपनी मुंहबोली बहन के घर आया था।

उसकी बहन अपना मकान खाली कर कहीं और शिफ्ट हो रही थी। रात करीब डेढ़ बजे जब मकान का सामान एक ट्राली में लोड किया जा रहा था, तभी आरोपी मनोज राजपूत ने वहां पहुंचकर ट्राली हटाने की बात पर विवाद शुरू कर दिया। शुरुआती धक्का-मुक्की और मारपीट के बाद विवाद इतना बढ़ा कि मनोज और उसके साथियों ने जयदीप को रेलवे लाइन के पास स्थित एक मंदिर के पास ले जाकर चाकुओं से छलनी कर दिया।

### हमले की क्रूरता, जेब में रखे नोट तक फट गए

हमला इतना बर्बर था कि जयदीप के शरीर पर अनगिनत घाव गहरे थे। परिजनों का दावा है कि आरोपियों ने करीब 100 बार चाकू घोंपे हैं, हालांकि पुलिस का कहना है कि वास्तविक संख्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी। हमले की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मृतक की जेब में रखे नोट भी चाकुओं के वार से फट गए।

### पुलिस कार्रवाई और परिजनों की मांग

हत्या से नाराज लोग परिजनों के साथ पहुंचे थाने, आरोपियों को फांसी और उनका मकान गिराने मांग की। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मनोज ठाकुर सहित तीन अन्य को हिरासत में ले लिया है। मृतक के भाई अमन भाट और मां बिट्टी भाट का कहना है कि हत्या में एक दर्जन के करीब लोग शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग पहले भी घर आकर जान से मारने की धमकी देते थे। परिजनों ने मांग की है कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए।

### आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड

बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी मनोज एक शातिर बदमाश है, जो हाल ही में जेल से छूटकर आया था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में तनाव को देखते हुए एहतियात बरती जा रही है।

#### इनका कहना है

प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर चार-पांच संदेहियों को रात में ही हिरासत में ले लिया गया था। मुख्य रूप से मनोज द्वारा वार करने की बात सामने आई है। पुलिस अन्य नामों की भी जांच कर रही है।

**गौरव सिंह बुंदेला,** थाना प्रभारी, इटारसी

# मां कर्मा जयंती पर सोहागपुर साहू समाज ने विविध आयोजन किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्री श्री 1008 मां कर्मा माई जयंती पर्व पर रविवार को दिनभर साहू समाज सोहागपुर ने सामाजिक आयोजन किए। वहीं शाम को आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सामाजिक नागरिक उपस्थित रहे। सोहागपुर साहू समाज अध्यक्ष भरत साहू, साहू समाज युवा मंडल, साहू महिला मंडल व अन्य सामाजिक बंधुओं ने बताया मां कर्मा जयंती पर आयोजन की शुरुआत रविवार सुबह वाहन रैली से की गई।

रैली में सामाजिक सैकड़ों युवाओं ने वाहनों से शहर का भ्रमण किया तथा सभी क्षेत्रवासियों को जयंती पर्व की शुभकामनाएं दी। साहू समाज महिला मंडल ने रविवार दोपहर मां कर्मा का पूजन कर विविध प्रतियोगिताएं कीं। सभी सामूहिक आयोजन शहर के एक निजी स्कूल परिसर में किए गए।

### हुई प्रतियोगिताएं

आयोजन दौरान महिला मंडल की ओर से महिलाओं एवं युवतियों के लिए विविध प्रतियोगिताएं दोपहर में की गईं। इस दौरान सामाजिक नागरिकों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे। महिलाओं ने थाली सज्जा, मेहंदी, रंगोली, कुर्सी दौड़ एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। जिनके माध्यम से सामाजिक महिलाओं एवं




युवतियों को धार्मिक प्रसंगों की जानकारियां भी दी गई। समाज की ओर से आयोजन दौरान प्रेरक झांकियां सजाई गई। इस दौरान समाज की ओर से सहभोज का आयोजन भी किया गया। जिसमें सामाजिक नागरिकों ने हर्ष व उल्लास के साथ सहभागिता की।

### निकाली भव्य शोभायात्रा

रविवार शाम 5.30 बजे के बाद मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। मां कर्मा की प्रतिमा तथा झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में समाज के सैकड़ों महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा पुराने अस्पताल रोड से बिहारी चौक, कमानिया गेट रोड, मुख्य बाजार क्षेत्र होते हुए स्टेट हाईवे पहुंची। यहां से शोभायात्रा गंतव्य स्थल की ओर रवाना हुई। इस दौरान कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का अभिनंदन किया तथा साहू समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण एवं देवी राधा के स्वरूपों ने भजनों पर नृत्य प्रस्तुतियों से आयोजन का आकर्षण बढ़ाया।

# भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया भारतमे भक्ति त्याग और आस्था की प्रतीक मां कर्मा की जयंती साहु समाज के द्वारा मनाई गई।शोभापुर रोड से साड़ियां रोड तक विशेष शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह स्वागत किया गया। मां कर्मा का पूजन किया गया।

मंगलवारा चौराहे पर भाजपा की नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं पार्षदों की उपस्थिति में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शोभायात्रा में शामिल होकर पूजा अर्चना की गई है। सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां कर्मा की कथा भक्ति त्याग सेवा की प्रतिक है।

मां कर्मा का जन्म 2017को हुआ था। झांसी के पास प्रतिष्ठित साहु समाज परिवार में हुआ था। भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थीं। वह प्रतिदिन सुबह भगवान कृष्ण को खिचड़ी बनाकर खिलाती थी।इस तरह से भगवान कृष्ण की भक्ति की अनेक कथाएं हैं। शोभायात्रा में शामिल होकर पूजा अर्चना करते हुए कर्मा भवन में हमेशा की तरह इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुरुस्कृत किया गया है।

### नवभारत उल्लास परीक्षा आयोजित

**माखननगर।** विकासखंड के ग्राम घोड़ानार की प्राथमिक शाला में नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत नवभारत उल्लास परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के उन लोगों ने सहभागिता की। उत्साह से परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्र पर अक्षर साथी राधा कलमे परीक्षार्थी मनीषा, देव चौहान, सतीश ,बलिराम, एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।

# स्वयं सेवकों ने वर्मी कंपोस्ड वर्मी बेड निर्माण व जल संरक्षण पर व्याख्यान दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के मार्गदर्शन में श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में दैनिक गतिविधि के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्थित वर्मी कंपोस्ट यूनिट में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 और इकाई 2 के स्वयं सेवकों द्वारा खाद निर्माण हेतु वर्मी बेड तैयार किया गया। जिसको पेड़ के पत्तों,मिट्टी ,गोबर ,पानी की सहायता से पूरा भरा गया। इसके बाद इसमें केंचुए डाले जाएंगे जिसमें एक निश्चित समयावधि के बाद वर्मी कंपोस्ट खाद बनकर तैयार हो जाएगा। इसको कार्यक्रम अधिकारी इकाई 2 डॉ.कविता दुबे के दिशा निर्देश में तैयार किया गया। इसके साथ ही जल संरक्षण विषय पर



व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें जलप्रबंधन, प्रदूषण ,पर्यावरण में जल का महत्व विषय पर कार्यक्रम अधिकारी इकाई 1 डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा विस्तृत व्याख्यान दिया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में रासेयो के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।


# चाय-नाश्ते की दुकानों पर लॉकडाउन जैसे हालात, इंडक्शन की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/सोहागपुर

जिले में इन दिनों कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी को लेकर हाय-तौबा मची हुई है। गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। हालात यह हैं कि जिले के कई हिस्सों में चाय-नाश्ते और छोटे होटल-रेस्टारेंट संचालकों को मजबूरी में अपनी दुकानें बंद करनी पड़ रही हैं। रविवार को भी जिले में कई स्थानों पर गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण दुकानें बंद रखनी पड़ी। वहीं कुछ दुकानदारों के पास जो सिलेंडर बचे है उससे ओर कितने दिनों तक अपना रोजगार चलाते है इसका इंतजार जारी है। इधर युद्ध का असर महंगाई पर भी पड़ रहा है। एलपीजी का संकट तो पहले से ही था अब जरूरी सामान भी महंगे होने लगे है। पैकेज्ड तेल, पिस्ता,अंजीर और शाहजीरा के दाम बढ़ने से आमजनों की रसोई का बजट बिगड़ गया है।

### सोहागपुर में बैठक ली

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अनुभाग स्तर पर शासन द्वारा जारी नए एलपीजी निर्देशों के पालन के लिये बैठकें की गई हैं। इसी क्रम में गत दिवस सोहागपुर एसडीएम कार्यालय में एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों की बैठक की गई है। एसडीएम प्रियंका भल्लावी द्वारा की गई बैठक में जेएसओ सहित खनूजा एचपी गैस, राधिका भारत गैस एवं आदर्श भारत गैस शोभापुर एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। एजेंसी




प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी एजेंसियों को डिपो से स्टॉक के अनुसार प्रति दो दिवस में नियमित रूप से गैस की आपूर्ति प्राप्त हो रही है तथा घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि कनेक्शनधारी उपभोक्ता 25 दिवस पूर्ण होने के पश्चात बुकिंगकर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में शासकीय निर्देशानुसार कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति केवल अत्यावश्यक सेवाओं जैसे शैक्षणिक संस्थानों एवं चिकित्सालयों को ही करने के एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त किसी भी होटल या ढाबे को कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति नहीं करने के निर्देश भी एजेंसियों को दिए गए। इस दौरान एजेंसियों से घरेलू एवं कमर्शियल कनेक्शनों की संख्या तथा उपलब्ध स्टॉक की जानकारी प्राप्त की गई। एसडीएम द्वारा एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए गए।

### आरोपः सरकार लोगों को राहत पहुंचाने में पूर्णत असफल है....

# रसोई गैस की किल्लत के बीच कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी मे युवा कांग्रेस द्वारा रविवार को देश में व्याप्त एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नाले में पाइप डालकर गैस निकालने का प्रयास किया गया। चूंकि देश के प्रधानमंत्री ने एक समय वक्तव्य दिया था कि नाली के पानी से भी गैस निकली जा सकती है। इस दौरान पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि देश में सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लोगों को लाइन मे लगने को मजबूर होना पड़ रहा है, परंतु देश की भाजपा सरकार लोगों को राहत पहुंचाने में पूर्णत असफल है। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि आज देश में एलपीजी सिलेंडरों की भारी किल्लत है जहां




एक और देश के प्रधानमंत्री नाली से गैस निकालने जैसी फिजूल बातें करते हैं वही आज जब देश संकट में है तो प्रधानमंत्री की ओर से किसी भी प्रकार की कोई बात जनता के सामने नहीं रखी गई। इससे स्पष्ट होता है देश की भाजपा सरकार जनता के मुद्दे पर खरी उतरने में असफल है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस ने कहां की देश की भाजपा सरकार अब तक के इतिहास की सबसे कमजोर सरकार है पूरे विश्व में कहीं भी जरा सा कुछ होता है उसका असर हमारे देश पर पड़ता है आमजन को लाइनों में लगना पड़ता है, उसके बाद भी राहत नहीं मिलती है।

यही स्थिति आज सिलेंडर को लेकर है जहां आमजन को लंबे-लंबे लाइनों के लाइनों में लगने के बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा है जिम्मेदार जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय, जिला अध्यक्ष मयंक चौरे, विक्रमादित्य तिवारी, आदिवासी कांग्रेस नगर अध्यक्ष समीर परते, पार्षद दिलीप गोस्वामी, अंजलि कलोसिया, सीमा भदौरिया, पार्षद प्रतिनिधि मनीष चौधरी, मोनी चंद्रवंशी सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### निः शुल्क प्रवेश के लिए पहले दिन ही उमड़े अभिभावक

**सीहोर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निशुल्क प्रवेश के लिए शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के पहले ही दिन अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को शाम 6:30 बजे तक 22 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके थे। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने आरटीई पोर्टल का स्क्रीन शॉट साझा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहले ही दिन इतनी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होना अभिभावकों में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। आवेदन की संख्या और बढ़ने की संभावना है। सत्र 2026-27 के लिए आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है।

### आग से गेहूं की खड़ी फसल जली

**सीहोर।** जिले के ग्राम चांदबढ़ में एक खेत में अचानक आग लग गई, जिससे गेहूं की खड़ी फसल का बड़ा हिस्सा जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर अपने स्तर पर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों ने खेतों में पानी का छिड़काव किया और ट्रैक्टर की मदद से आग फैलने से रोकने का प्रयास किया। काफी देर की मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज गर्मी और सूखी फसल के कारण आग तेजी से फैल गई। जिले में गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही खेतों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। पिछले एक सप्ताह में नौ से अधिक खेतों में आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं।

कई गांवों में लगी आग

इस सप्ताह निपानिया खुर्द, मोहाली, बडबेली, नोनीखेड़ी, धाबोटी, चार मंडली, गुड़भेला और इछावर के पास खेतों में आग लगने की घटनाएं दर्ज की गईं। झागरिया रोड पर भी एक खेत में आग लगी थी, जहां फायर ब्रिगेड ने समय रहते पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा युवक की मौके पर मौत

**सीहोर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयागांव और पड़ागांव के बीच शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात नयागांव–पड़ागांव मार्ग पर मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों को किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### नगर पालिका ने नहीं किया चैंबरों को सुरक्षित करने का काम

# खुले पड़े चैंबर, लोगों को हादसों का डर, नपा के जिम्मेदार बने बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शहर में नेहरू पार्क के बगल में चौपाटी पर अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इसके लिए चैंबर बनाए गये है। यह चैंबर खुले रखे गए हैं। इन्हें ढंकने की व्यवस्था नहीं की गई है। चूंकि चैंबर दुकानों के भीड़भाड़ वाले इलाके में ही बना दिए गए हैं और शाम के समय चैंबर के आसपास अंधेरा रहता है। ऐसे में चौपाटी पर आने वाले बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं समेत अन्य लोग इनमें गिर सकते हैं।

दरअसल अंडरग्राउंड पाइप लाइनों की सफाई करने के लिए नपा ने चैंबरों का निर्माण किया है। इन चैंबरों पर ढकने की व्यवस्था नहीं की गई है। इस कारण यह चैंबर खुले पड़े हैं। बताया गया कि हाल ही में चौपाटी की दुकानों को शिफ्ट कर सडक़ के बीच में लगवाया गया है। अब दुकानों के बीच ही अंडग्राउंड ड्रेनेज पाइप लाइन और चैंबर बनाए जा रहे हैं। 106 दुकानों के ड्रेनेज सिस्टम में सुधार के लिए सडक़ के दोनों ओर 364 मीटर अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इनके बीच 24 चैंबर बनाए जा रहे हैं। इससे आगे चलकर गंदगी और बदबू की समस्या दूर होगी। पहले पाइप लाइन बिछाई जाएगी। चैंबर बनेंगे। इसके बाद यहां बनने वाली दुकानों के पानी की निकासी इसी पाइप लाइन से होगी। अभी जो चैंबर बने हैं, वे खुले हैं। जिससे इन चैंबरों में बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं समेत अन्य लोगों के गिरकर चोटिल होने की संभावनाएं बनी रहती है।

#### रात के समय में ज्यादा खतरा

खुले चैंबरों वाली जगहों से दिन के समय लोग आसानी से गुजर जाते हैं। लेकिन रात के समय में यहां पर काफी समस्या होती है। इन चैंबरों के पास कोई संकेतक बोर्ड नहीं होने से राहगीरों को यह दिखाई नहीं देते है। इससे इन खुले चैंबरों में फंसनें या गिरने की संभावना बनती रहती है। बताया जा रहा है कि चौपाटी पर सडक़ के दोनों ओर 182 मीटर अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम की पाइप लाइन बिछेगी। इसके बीच में 24 चैंबर बनेंगे, जिससे चौपाटी से निकालने वाला गंदा और प्रदूषित पानी में जो कचरा है। चोक होने पर निकालकर साफ किया जा सके। लेकिन वर्तमान में इन चैंबरों को खुला छोड़ देना हादसों को न्यौता देने जैसा साबित हो रहा है।

#### मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चैंबरों की सफाई नहीं

शहर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत बनाई गई सडक़ के बगल की अंडरग्राउंड नाली पर भी चैंबर बने है। इन चैंबरों की भी महीनों-महीनों तक सफाई नहीं होती है। कुछ जगहों पर चैंबर की जालियां गायब हो चुकी है। जहां जालियां लगी है, वहां जालियों पर मिट्टी और कचरा जमा है। ऐसे में पानी की सहीं तरह से निकासी नहीं हो पाती है। खासकर बारिश के दिनों में पानी निकासी नहीं होने से पानी सडक़ पर थमा रहता है और राहगीरों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ ज्यादा समय तक पानी थमा होने से सडक़े भी खराब होती है। लेकिन नगरपालिका द्वारा चैंबरों की नियमित सफाई तक नहीं कराई जाती है।

#### कई जगह धंस चुके हैं नालियों के चैंबर

वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 13 करोड़ की लागत से बनाई गई 2200 मीटर टू-लेन सडक़े के बगल में अंडरग्राउंड नालियों पर चैंबर बने थे। इन चैंबरों पर लोहे की जालियां लगी थी, जिसमें से अधिकांश चैंबरों की लोहे की जालियां चोर चुराकर ले जा चुके हैं। वहीं कई जगहों पर चैंबर की जगहें धंसक गयी हैं। कारगिल चौक से लेकर अस्पताल तक की सडक़ के बगल में तो ये चैंबर पूरी तरह धंसक चुके हैं। ये दिखाई तक नहीं देते हैं और वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं। जो चैंबर बनाए गए हैं उन्हें सुरक्षित करने का प्रयास तक नहीं किया गया है। जिससे खुले चैंबरों से लोगों को खतरा बना रहता है।

#### इनका कहना है

नगर पालिका द्वारा जो चैंबर बनाये गये है, उन्हें सुरक्षित करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। इस संबंध में नगर पालिका के इंजीनियरों और ठेकेदारों को हिदायत दी जायेगी और चैंबरों को बंद करवाया जायेगा, ताकि लोगों को इससे कोई खतरा नहीं हो।

- **अभिजीत सिंह,** प्रभारी सीएमओ एवं एसडीएम, नगर पालिका बैतूल

### एक गंभीर, आरोपी चालक फरार

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल-परासिया स्टेट हाईवे पर शनिवार रात एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें घायल 18 वर्षीय युवक की रविवार तडक़े मौत हो गई है। इस हादसे में उसका एक साथी भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका बैतूल जिला अस्पताल में इलाज जारी है और पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है। थाना सारणी क्षेत्र के बगडोना और सलैया के बीच शनिवार रात यह सडक़ हादसा हुआ। शोभापुर निवासी 18 वर्षीय शन्नी पिता दशरू अपने दोस्त प्रकाश के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों युवक सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को तुरंत घोड़ाडोंगरी अस्पताल ले जाया गया। वहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया। अस्पताल में शन्नी को शनिवार रात भर्ती कर आईसीयू में रखा था। उपचार के दौरान रविवार तडक़े 5 बजे शन्नी की मृत्यु हो गई, जबकि दुधावानी निवासी 18 वर्षीय प्रकाश पिता किस्सु का इलाज जारी है।

## 3 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### आर्म्स, लूट, मारपीट के कई मामलों में वांछित

**बैतूल।** पुलिस ने सात महीने से फरार चल रहे 3 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मारपीट, आर्म्स एक्ट और लूट जैसे गंभीर मामलों में वांछित था। पुलिस के अनुसार 14 अगस्त 2025 को सुनील उर्फ बोक्या बारस्कर (27) ने गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि अमन उर्फ चमन गायकी और उसके साथी ने पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की थी। घटना के बाद मुख्य आरोपी फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। मुख्य आरोपी अमन उर्फ चमन (25) निवासी राजेंद्र वार्ड की गिरफ्तारी पर 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और लूट जैसे अन्य संगीन मामले भी दर्ज हैं और उसके खिलाफ न्यायालय से स्थायी वारंट भी जारी थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गंज निरीक्षक नीरज पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही थी।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज ने खंडेलवाल निवास पर दिवंगत पुत्री सुरभि को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निवास चंद्रमौली पहुंचकर उनकी दिवंगत पुत्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री चौहान निर्धारित कार्यक्रम से लगभग एक घंटे की देरी से बैतूल पहुंचे थे।

केंद्रीय मंत्री हेलीकॉप्टर से बैतूल पहुंचे और सीधे गंज स्थित खंडेलवाल निवास गए। उन्होंने स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने खंडेलवाल परिवार से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। शिवराज सिंह चौहान ने सुरभि के निधन को अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि खंडेलवाल परिवार इस कठिन समय से गुजर रहा है और वे इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। श्री चौहान ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सुरभि खंडेलवाल के निधन के बाद से बैतूल में प्रदेश और केंद्र के नेताओं के आने का सिलसिला जारी है। इससे पहले, मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शनिवार को बैतूल पहुंचकर खंडेलवाल परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त कर चुके हैं। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कई मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी श्रद्धांजलि अर्पित करने बैतूल पहुंचे हैं। पिछले चार दिनों से बैतूल में वीआईपी आवाजाही बढ़ी

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दिवंगत को किए श्रद्धासुमन अर्पित



**बैतूल।** उप मुख्यमंत्री व लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश राजेन्द्र शुक्ल ने दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रविवार को बैतूल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमन्त खंडेलवाल एवं उनके परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**राजस्व मंत्री वर्मा और पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री पटेल ने दी श्रद्धांजलि**

**बैतूल-** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री लखन पटेल ने रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल के निवास पहुंचकर दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय सुश्री सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की तथा विधायक श्री खंडेलवाल एवं उनके परिजनों से भेंट कर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### डंडार प्रतियोगिता और धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# पंचायत और प्रशासन ने संभाली मेघनाथ बाबा मेला की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

तहसील चिचोली अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरापाटला के ग्राम लोहारढाना में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 मार्च शनिवार को श्री मेघनाथ बाबा मेला श्रद्धा और आस्था के साथ आयोजित किया गया।



ग्राम पंचायत चिरापाटला द्वारा आयोजित इस मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी रही और धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। मेले के आयोजन में ग्राम पंचायत चिरापाटला की मुख्य भूमिका रही। सरपंच चिरापाटला, उपसरपंच चिरापाटला तथा समस्त पंचगण के सहयोग से मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मेले में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, विधायक, सांसद तथा जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सहभागिता की। मेले की व्यवस्थाओं के लिए तहसील चिचोली और जनपद पंचायत चिचोली के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक चिरापाटला द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चिचोली के निर्देशन में मेले की व्यवस्थाएं की गईं। तहसील चिचोली की ओर से तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी के निर्देशन में राजस्व निरीक्षक चिरापाटला, ड्यूटी में तैनात हल्का पटवारी तथा ग्राम कोटवार भी मौजूद रहे।

#### डंडार प्रतियोगिता रही आकर्षण

मेघनाथ बाबा मेले के उपलक्ष्य में विशाल डंडार प्रतियोगिता का आयोजन रात्रि 8 बजे से 14 मार्च 2026 शनिवार तक किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न डंडार मंडलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11750 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 9750 रुपये, तृतीय पुरस्कार 7750 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 5750 रुपये, पंचम पुरस्कार 4750 रुपये, षष्ठम पुरस्कार 3750 रुपये और सप्तम पुरस्कार 2750 रुपये दिया गया। इसके साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में भी 2750 रुपये प्रदान किए गए और सभी टीमों को सम्मानित किया गया।

#### जनगणना और योजनाओं की दी जानकारी

मेले के दौरान राजस्व निरीक्षक चिरापाटला, हल्का पटवारी और ग्राम कोटवार द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत प्रस्तावित जनगणना 2026-2067 को सफल बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं को पूर्ण करने के लिए मेले में मौजूद भूमका, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा की गई।

#### नरवाई नहीं जलाने की दी समझाइश

मेले के दौरान किसानों को नरवाई नहीं जलाने की जानकारी भी दी गई और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों से जागरूकता के साथ सहयोग करने की अपील की गई। इस प्रकार ग्राम पंचायत चिरापाटला द्वारा आयोजित मेघनाथ बाबा मेला धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और प्रशासनिक व्यवस्था के समन्वय के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।

### किड्स जी का वार्षिकोत्सव संपन्न

# वर्तमान परिपेक्ष्य के मुद्दे नृत्य और नाटक से बच्चों ने बताए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्री-स्कूल किड्स जी के वार्षिक उत्सव अनुभूति का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य, गायन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे कलाकारों की मासूम अभिव्यक्ति और उत्साह ने उपस्थित अभिभावकों, अतिथियों और दर्शकों को प्रभावित किया। यह वार्षिकोत्सव ज़ी लर्न अधिकारियों सीनियर अकादमिक मैनेजर ट्विंकल साधवानी, रीजनल मार्केटिंग मैनेजर ज़ी लर्न किरण कुमार नायर, डॉ.जया श्रीवास्तव, स्कूल संचालिका मंजुला पाठक एवं समस्त अभिभावकों, नन्हे सितारों, शाला शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों की भागीदारी भी कई सामान्य प्रश्नोत्तरी के माध्यम से माहौल को आनंदमई हो गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नृत्य, नाटक द्वारा कई वर्तमान परिपेक्ष्य से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता की सुंदर झलक मिली। संचालिका मंजुला पाठक ने अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आर्थिक संकट से जूझ रही नपा बैतूल के लिए संजीवनी बनी लोक अदालत

# वसूली का तोड़ा रिकॉर्ड, 93,65,956 रुपए का टैक्स जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले भर की नगर पालिका कार्यालयों में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह अदालत आर्थिक रूप से जूझ रही नगर पालिकाओं के लिए काफी राहत भरी रही। इस बार लोक अदालत में नगर पालिका बैतूल ने वसूली का रिकार्ड कायम किया है। लोक अदालत में नगरपालिका ने करीब 93 लाख 65 हजार 956 रुपए की राजस्व वसूली की है। यह वसूली पिछले वर्ष की लोक अदालत से कहीं अधिक है। हालांकि नगरपालिका ने लोक अदालत के माध्यम से एक करोड़ से ऊपर के राजस्व वसूली का अनुमान लगाया था, लेकिन सुबह सर्वर डाउन होने और सर्वर की रफ्तार धीमी होने की वजह से यह वसूली कम हो पाई।




#### 93 लाख से अधिक की हुई वसूली

राजस्व शाखा के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक ब्रजगोपाल परते, सुभाष प्रजापति एवं अखिल राय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार नगरपालिका ने बकाया राशि वाले करीब 2000 बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी किये थे। नोटिस में कहा गया था कि पूरा टैक्स जमा करने पर सरचार्ज में छूट दी जायेगी। नगर के बकायदारों ने इन अदालतों में पहुंचकर करों का भुगतान किया और सरचार्ज का लाभ लिया। कर्मचारियों ने डोर-टू-डोर संपर्क करके बकायादारों को नोटिस भी दिए थे, जिसमें से 1525 लोगों ने टैक्स की राशि जमा की। गौरतलब कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरपालिका की कुल राजस्व डिमांड 11 करोड़ 67 लाख 80 हजार 790 रुपए है, इसके एवज में नगरपालिका ने फरवरी माह तक 5 करोड़ 10 लाख 15 हजार 659.54 रुपए की राशि वसूल कर ली थी, जोकि कुल डिमांड का मात्र 43.68 प्रतिशत था। जिसके बाद लोक अदालत के माध्यम से नगरपालिका ने लगभग 93 लाख 65 हजार 956 रुपए राजस्व वसूली की है। बहरहाल लोक अदालत के माध्यम से ही सही, लेकिन लोक अदालत में हुई राजस्व वसूली ने नगरपालिका के खजाने को भरने में काफी मदद की।

#### सबसे ज्यादा संपत्ति कर की वसूली

बैतूल नपा की राजस्व शाखा के सुभाष प्रजापति ने बताया कि लोक अदालत में सबसे अधिक संपत्ति कर की वसूली हुई है। इस बार लोक अदालत में 61,22,725 रुपए संपत्ति कर जमा हुआ है। इसी प्रकार जलकर के 26,73,954 रुपए और दुकान किराया राशि के 5 लाख 69 हजार 277 रुपए जमा किए गए है। कुल मिलाकर नगरपालिका ने लोक अदालत के माध्यम से 93 लाख 65 हजार 956 रुपए राजस्व की वसूली की है। वैसे राजस्व शाखा के अधिकारियों का कहना है कि राजस्व वसूली में और बढ़ोत्तरी हो सकती थी, लेकिन बार-बार सर्वर बंद-चालू होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब नपा शेष बचे बकायादारों से राजस्व की वसूली के लिए पुनः नोटिस जारी कर वसूली करेगा। जिले की अन्य नगर पालिका में भी राजस्व वसूली की स्थिति ठीक रही।

#### कई विवादों का आपसी समझौते से निकाला हल

इधर लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। लोक अदालत में कई ऐसे पारिवारिक विवाद भी सुलझे, जिसमें मनमुटाव के कारण परिवार लंबे समय से अलग-अलग रह रहे थे। लोक अदालत के माध्यम से इन टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ते हुए साथ रहने के लिए राजी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों के निराकरण के लिए कुल 27 खंडपीठों का गठन किया था। खंडपीठों में सडक दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, मोटर व्हीकल, विद्युत चोरी, भूमि अधिग्रहण, ट्रैफिक चालान और श्रमिक मामलों सहित कई प्रकरणों की सुनवाई कर आपसी सहमति से निपटारा किया गया। कुटुंब न्यायालय में भी कई पारिवारिक मामलों का समाधान हुआ। इनमें मिलानपुर निवासी एक दंपति का मामला विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। पति-पत्नी में के कारण दोनों करीब दो वर्षों से अलग रह रहे थे। लोक अदालत में समझाइश और आपसी सहमति के बाद दोनों के बीच सुलह हो गई और वे पुनः साथ रहने के लिए राजी हो गए। पीएनबी से संबंधित एक चेक बाउंस का मामला भी लोक अदालत में सुलझाया गया। एमपीईबी से जुड़े एक मामले में लेखीराम यादव का राजीनामा कराया गया। इन प्रकरणों के समाधान में अधिवक्ता हीरामन सूर्यवंशी, संजय पप्पी शुक्ला तथा सहयोगी अधिवक्ता अर्जुन लिखितकर, राजकुमार कांगले, आनंद खातरकर और दीपांशु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मध्यप्रदेश में सबसे गर्म रहा नर्मदापुरम, पारा 38.9 डिसे

**नर्मदापुरम।** डेढ़ डिग्री की गिरावट के बाद भी रविवार को अधिकतम तापमान 38.9 डिसे दर्ज किया गया। जो वेस्ट मप्र में सबसे अधिक रहा। हालांकि पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 1.5 डिसे की गिरावट दर्ज गई है। लेकिन यह तापमान सामान्य से 5.4 डिसे अधिक था। तापमान कम होने के बावजूद सूरज की तपन में कमी नहीं आई। सूरज के तेवर रविवार को तल्ख रहे। ऐसे में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक सब्जी बाजार में कई दुकानदार कोठी बाजार स्थित सड़क किनारे बठकर सब्जी बेंचते नजर आए। वहीं नर्मदापुरम का न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री दर्ज हुआ जिसमें 3.5 डिसे की बढ़त दर्ज की गई। जो सामान्य से 2.4 डिसे अधिक था।

## रेवा भोग का हुआ आयोजन ग्रहण की भक्तों ने प्रसादी

**नर्मदापुरम।** मां नर्मदा की परिक्रमा से लौटने पर रविवार को रेवा भोग का आयोजन हैप्पी मैरिज गार्डन में किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य सोमेश परसाई के सानिध्य में गत दिनों मां नर्मदा की परिक्रमा का आयोजन किया था।

### ढाबा और घर में घुसकर मारपीट की घटनाएं, पुलिस ने की कार्रवाई

# नशे में धुत युवकों ने ढाबे पर की गाली गलौज, पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

अनुभाग में घर में एवं ढाब में घुसकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया। आरोपियों ने पीडितो के साथ गाली गलौज भी की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पथरोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक ढाबे पर शराब पीने से रोकने और अभद्र व्यवहार का विरोध करने पर तीन युवकों द्वारा ढाबा संचालक और कर्मचारी के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

घटना 12 मार्च 2026 की रात लगभग 01:32 बजे की है। फरियादी अनिल यादव पिता महेश यादव, निवासी पुरानी इटारसी, जो यादव ढाबा (फोरलेन, पथरोटा) के संचालक हैं, ने पुलिस को बताया कि उस वक्त वे अपने ढाबे पर मौजूद थे। तभी पुरानी इटारसी निवासी तीन युवक राहुल धुर्वे, दीपक केवट और वरुण बरखड़े नशे की हालत में वहां पहुंचे। आरोपी युवक ढाबे पर बैठकर शराब पीने की जिद करने लगे। जब ढाबा कर्मचारी नीरज स्वाला ने उन्हें वहां शराब पीने से मना किया, तो तीनों आरोपी उग्र हो गए और कर्मचारी को मां-बहन की अश्लील गालियां देने लगे।

जब संचालक अनिल यादव ने हस्तक्षेप कर उन्हें समझाने की कोशिश की और गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बदसलूकी की। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि अगर अगली बार हमें ढाबे पर बैठकर शराब पीने से मना किया, तो जान से खत्म कर देंगे। घटना के वक्त वहां मौजूद अन्य कर्मचारी और अजय सुनानिया व संजू झारबडे भी इस विवाद के साक्षी रहे। फरियादी ने बताया कि घर में शादी समारोह होने से वे तुरंत रिपोर्ट दर्ज करा सके थे। रविवार, 14 मार्च को थाना पथरोटा पहुंचकर उन्होंने मामला दर्ज कराया। हेड कांस्टेबल दीपक जनोरिया को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### घर में घुसकर मारपीट, मामला दर्ज

**समीपस्थ ग्राम सोनासांवरी में घर में घुसकर गाली गलौच, मारपीट का मामला पुलिस थाने में आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर गालियां देने, मारपीट, जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है। फरियादी हेमंत आजाद पिता शंकर लाल 40 वर्ष, निवासी ग्राम सोनासांवरी ने शिकायत दर्ज करायी है कि योगेश आजाद ने शराब के नशे में उनके घर में आकर गालियां दीं और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है।**

## लोडिंग वाहनों के कारण बाजार में रोज बाधित हो रही आवाजाही



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के बाजार के अंदरूनी रास्तों पर प्रतिदिन लोडिंग वाहनों के कारण आवाजाही की बाधा होती है। प्रतिदिन देर शाम लोडिंग वाहन बाजार के सभी अंदरूनी रास्तों को बाधित करते हैं। शहरवासियों ने सुधार की अपेक्षा प्रशासन से की है।

नागरिकों के अनुसार कई व्यापारी पिपरिया, नर्मदापुरम आदि क्षेत्रों से सामग्री मंगवाते हैं। सामग्री लेकर आने वाले लोडिंग वाहन मुख्य बाजार के मुख्य मार्ग पर रोके जाते हैं। मार्ग पर ही सामग्री की अनलोडिंग की जाती है। जब तक अनलोडिंग नहीं हो जाती, तब तक बाजार के मार्गों पर आवाजाही बाधित होती है। यदि कोई अन्य चारपहिया वाहन इस दौरान बाजार क्षेत्र से गुजरता है तो जाम लगना तय हो जाता है। वहीं दुकानों का विस्तार भी मुख्य बाजार पर कर दिया जाता है। जिसके कारण बाधा और अधिक बढ़ जाती है। इसके अलावा अस्थाई दुकानें भी मुख्य मार्ग पर ही लगाई जाती हैं और उनके कारण भी यातायात की बाधा उत्पन्न होती है। नागरिकों ने सुधार की अपेक्षा की है।

नागरिकों ने बताया कि शनिवार रात को भी लगभग आठ बजे के बाद मुख्य बाजार क्षेत्र में श्री राम चौक से लेकर कमानिया गेट के बीच एक लोडिंग वाहन खड़ा था। वहीं एक कार किसी व्यक्ति द्वारा मुख्य मार्ग पर पार्क कर दी गई थी। कार चालक बीच सड़क पर वाहन खड़ाकर सामग्री करने के लिये बाजार क्षेत्र में चला गया था। जिसके कारण बहुत अधिक बाधा हुई तथा आवाजाही का मार्ग बार-बार बंद होता रहा। आसपास के व्यापारियों ने बताया कि कमानिया गेट के समीप हनुमान मंदिर से लेकर श्री राम चौक तक दिन में दर्जनों बार यह समस्या बनती है। खासकर शाम को जब भीड़ अधिक रहती है।

## श्री बूढ़ी माता मंदिर में गूंजी रामचरित मानस की गूंज



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के ऐतिहासिक और श्रद्धा के केंद्र श्री बूढ़ी माता मंदिर परिसर मालवीय गंज में गत रविवार, एकादशी के पावन अवसर पर भक्ति की सरिता बह रही है। श्री रामचरितमानस सत्संग परिवार द्वारा आयोजित इस विशेष 'श्री नट्टी रामायण जी' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्मलाभ लेने उमड़ पड़े हैं। सुबह 10 बजे से निरंतर जारी यह सत्संग शाम 5 बजे तक चलेगा। इस आयोजन में तीन जिलों के मूर्धन्य विद्वान, प्रवक्ता और गायक साधक शिरकत कर रहे हैं। इनके द्वारा श्री रामचरितमानस की चौपाइयों का भावपूर्ण वाचन और प्रवचन दिया जा रहा है। श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने बताया कि मंदिर परिसर में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए इस भव्य सत्संग का आयोजन किया गया है।

सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। मानस की गूंज से पूरा मालवीय गंज क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

## सिद्ध हनुमान मंदिर में पवन पुत्र के जन्मोत्सव की तैयारियां तेज भक्त मंडलों ने बनाई कई धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज : इटारसी

शहर के प्राचीन एवं सिद्ध श्री हनुमान धाम मंदिर, ओवरब्रिज परिसर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राकट्योत्सव राम नवमी एवं रामभक्त हनुमान जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर परंपरा अनुसार तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस वर्ष भी हनुमान जी के प्राकट्योत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया जाएगा।



27 मार्चः राम नवमी पर भगवान श्री राम के प्राकट्योत्सव के अवसर पर दोपहर 12 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को लस्सी और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाएगा।

**31 मार्चः हनुमान जी प्राकट्योत्सवः** 31 मार्च मंगलवार को रामभक्त हनुमान जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर शाम 4 बजे ओवरब्रिज स्थित श्री हनुमान धाम मंदिर से भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा पूरे शहर का भ्रमण करेगी।

शोभायात्रा में जबलपुर से आए कलाकार देवी-देवताओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन करेंगे। भगवान राम और हनुमान जी का आकर्षक दरबार और प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। ढोल-नगाड़ों और अखाड़ों के साथ नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर में संपन्न होगी।

### रामायण पाठ और भंडारा

1 अप्रैल को सुबह 10 बजे से मंदिर में रामायण पाठ प्रारंभ होगा, जो 2 अप्रैल की दोपहर तक चलेगा। पाठ समापन के बाद महाआरती की जाएगी और शाम को प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन होगा।

1 अप्रैल की रात रामभक्त हनुमान जी के विग्रह का मां नर्मदा जी के जल से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। यह अनुष्ठान रात 12 बजे से 3 बजे तक चलेगा।

मुख्य समारोह 2 अप्रैल को सुबह से देर रात तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर प्रभु हनुमान जी के दर्शन करेंगे। बैठक में मंदिर समिति के प्रमुख सेवादार लखन बेस, समाजसेवी विश्वनाथ सिंघल, पुजारी पंडित नरेंद्र तिवारी, पवन बोहरा, पूर्व नपा अध्यक्ष रवि जायसवाल आदि शामिल हुए।

## अपर कलेक्टर ने जल स्वच्छता मिशन की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में युनिसेफ, वाल्मी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में देवास जिले के 02 ब्लॉक सोनकच्छ एवं बागली के 10 गामों में संचालित समुदाय संचालित आर्दश नलजल योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया तथा योजना के क्रियान्वयन तथा संचालन में अन्य विभागों की भूमिका एवं अपेक्षा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैठक में नलजल मित्रों के अनुबंध की प्रकिया पर जिला पंचायत द्वारा विचार करने एवं योजना हस्तांतरण उपरांत सुविधा शुल्क संग्रहण के लिये अधिक से अधिक स्व सहायता समूह को जोडने के लिये निर्देशित किया गया।इस दौरान नलजल योजना अंतर्गत ग्राम बीसाखेडी में जल सखी विमला राणा को विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में जल महोत्सव कार्यक्रम के दौरान सचिव जलशक्ति मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए।

सम्मान पत्र को अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया।जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अमित सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की ग्रामवार जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में कुल 645 एकल नलजल योजना संचालित है। जिसमें 512 ग्राम का कार्य पूर्ण तथा 133 योजना प्रगतिरत है।

## तिरंगे के नीचे एकजुट हुईं महिला रेल कर्मचारीः मजदूर संघ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुख्य शाखा इटारसी ने शनिवार को महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिचालन, वाणिज्य, इलेक्ट्रिकल और चिकित्सा जैसे विभिन्न विभागों की सैकड़ों महिला रेल कर्मचारियों ने संगठन की शक्ति को मजबूत करने का संकल्प लिया।

महामंत्री अशोक शर्मा के निर्देशों का हवाला देते हुए वक्ताओं ने कहा कि रेलवे बोर्ड से महिला ट्रैकमेन और पॉइंट्समैन साथियों के लिए 'कैडर चेंज' और हल्के कार्यों की व्यवस्था कराने के प्रयास जारी हैं।



साथ ही, हर डिपो में महिला कर्मचारियों के लिए वॉटर प्यूरीफायर और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य नगरपालिका अधिकारी ऋतु मेहरा, जोनल महिला संरक्षक गीता पांडे, पूर्व नपा अध्यक्ष नीलम गांधी और मुख्य शाखा उपाध्यक्ष अदिति जेम्स उपस्थित रहीं। अतिथियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। मुख्य शाखा अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने सभी महिला रेल कर्मचारियों को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बडी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से 3 बीघा गेहूं की फसल जली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र के कमलापुर के गोपीपुर में बिजली लाइन से लगी आग ने एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेत के ऊपर से गुजर रही जर्जर विद्युत लाइन में कथित शॉर्ट सर्किट से करीब तीन बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार किसान संतोष पिता राधेश्याम बेनीवाल के खेत में अचानक आग लग गई, जिससे करीब तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जल गई। ग्रामीणों के अनुसार खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन लंबे समय से ढीली और खराब हालत में थी। इसकी शिकायत कई बार विद्युत मंडल के अधिकारियों से की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पटवारी भुरु चौहान और पंचायत सचिव सोहनलाल जाट मौके पर पहुंचे। उन्होंने खेत का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया और पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। ग्रामीण त्रिलोक राठौर, मदनलाल चौहान, मुकेश बेनीवाल सहित अन्य लोगों ने बताया कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन काफी समय से जर्जर हालत में है। इसकी शिकायत विद्युत मंडल के सुपरवाइजर संजय साहू और लाइनमैन से कई बार की गई।

## नर्मदा की बढ़ रही निर्मलता, स्वच्छता से संवर रहे घाट, कायस्थ समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा प्रत्येक रविवार चित्रगुप्त घाट पर अनवरत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से मां नर्मदा की निर्मलता बढ़ रही है और घाट भी संवर रहे हैं।

चित्रगुप्त घाट पर जीवनदायिनी मां नर्मदा की निर्मलता को बनाए रखने के लिए अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की जा रही है। प्रत्येक रविवार नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। जिसके तहत इस रविवार को भी घाट के किनारों की



सघन सफाई की गई। इस मौके पर सुमन वर्मा ने कहा कि मां नर्मदा सेवा ही हमारे असली पूंजी है। मां की कल कल धारा बहती रहे इसके लिए साफ सफाई करना जरूरी है। हमें आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ और अविरल नर्मदा सौंपनी है। प्रत्येक रविवार का हमारा यह कार्य नर्मदा के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति की जिला अध्यक्ष ज्योति अभय वर्मा, सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी विजय वर्मा अशोक वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, प्रखर समाजसेवी सुमन वर्मा, प्रीती खरे, समाज के अन्य गणमान्य जन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**चापडा।** वरिष्ठ जनों के सम्मान और अधिकार के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद सभा गृह बागली में सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ एडवोकेट प्रवीण चौधरी, श्याम तोमर,अशोक गुप्ता, शंकर लाल भाटी सहित वरिष्ठ नागरिक जन सम्मिलित रहे। क्षेत्र के करीबन 70 से 80 महिला पुरुष वरिष्ठजनों का अतिथियों एवं विभाग के अधिकारियों ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत सम्मान किया। शुक्रवार को जनपद पंचायत बागली सभा कक्षा में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007, के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग दर्ज

**चापडा।** ग्राम छतरपुरा में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां पर एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी अनुसार रवि पाटीदार जो की सेवा सहकारी संस्था बागली में कर्मचारी के रूप में कार्य करता था। रवि ने शनिवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## चैत्र नवरात्रि पर रजत श्रृंगार और महायज्ञ

**देवास।** हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन अवसर पर संस्था जय रणजीत महाकाल सेवा समिति द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पंचमुखी रणजीत हनुमान जी का रजत श्रृंगार तथा नौ चंडी महायज्ञ का आयोजन भक्तिभाव के साथ किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रम 19 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक संपन्न होगा।

### कमिश्नर तिवारी के नेतृत्व में अधिकारियों ने सफाई

# कमिश्नर कार्यालय परिसर में किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी के नेतृत्व में कमिश्नर कार्यालय परिसर में साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया गया। सुबह 7 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान कमिश्नर ने पूरे कार्यालय परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर पालिका का अमला नियमित रूप से प्रॉपर तरीके से सफाई सुनिश्चित करे तथा कचरे का उचित तरीके से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पूरे नगर में भी बेहतर साफ-सफाई



व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

### सीएमओ को दिए निर्देश

कमिश्नर ने सीएमओ को निर्देशित किया कि नगर की सभी नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को केवल एक दिन का कार्यक्रम न बनाकर इसे दैनिक आदत के रूप में अपनाया जाए। साथ ही आवश्यकता अनुसार परिसर के विभिन्न स्थानों पर रंग-रोगन कराने के निर्देश भी दिए।

### यह अधिकारी रहे मौजूद

श्रमदान कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त विकास नवल मीना, उपआयुक्त विकास डी. एन. पटेल, श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक सरिता साहू, पेंशन विभाग से मयंक गुर्जर, तरुण लोवंशी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, एमपीआरडीसी, नगरीय प्रशासन, कृषि, सहकारिता, जनसंपर्क सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण महिला संगठन का होली मिलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल संगठन इटारसी द्वारा महिला मंडल संगठन मंत्री अनसुइया राजेंद्र मालवीय के निवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि होली रंगों, प्यार और खुशियों का त्योहार है। इस त्यौहार में गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश देते है। कार्यक्रम में सभी बहनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकमनाएं दी।

इस अवसर पर संरक्षक प्रभा मालवीय उपाध्याय, रश्मी मालवीय, ललिता मालवीय, वरिष्ठ सलाहकार अर्चना राजेंद्र मालवीय, त्रिवेणी मालवीय कोषाध्यक्ष संगीता मालवीय, संगठन मंत्री अनुसुइया मालवीया, रेखा मालवीया, हीरा मालवीय, हेमा मालवीया, पूजा मालवीया, यशोदा मालविया उपस्थिति रही।

ईसर गोरा की पूजन अर्चन कर सभी की सुख समृद्धि और अखंड सुहाग की मंगल कामना की

# मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा ने गणगौर उत्सव मनाया, वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा ने गणगौर उत्सव मनाया गया। महासभा की जिला अध्यक्ष सुनीला गोयल ने बताया कि ग्रुपमें प्यारा न्यारा ग्रुप के द्वारा गणगौर उत्सव बडे घूम धाम से मनाया गया। इस दौरान ईसर गोरा की पूजन अर्चन कर सभी की सुख समृद्धि और अखंड सुहाग की मंगल कामना की। उन्होंने बताया हमारी संस्कृति हमारी परंपरा हमारी धरोहर है और इस धरोहर की नींव हमारे वरिष्ठ जन है। इस बात को ध्यान में रखकर कार्यक्रम में पधारी सभी वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान पुष्प गुच्छ माला से सम्मान किया गया।

समृद्धशाली समाज से ही समृद्धशाली देश का होना सम्भव हैं। वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष माया सिंहल एंव संभागीय अध्यक्ष आभा अग्रवाल समाज की एकता समानता पर बल दिया। इस बीच सभी पदाधिकारी गण मौजूद थे। प्रकृति के संतुलन बनाये रखने में पशु पक्षियों का बहुत बडा योगदान देते है। उनकी रक्षा करना हमारा नेतिक कर्तव्य है और गर्मियों में उन्हें दाना पाना देना परमधर्म है। इस उदेश्य को ध्यान ररवकर सभी सदस्यों ने अपने अपने छत पर दाना पानी रखने का संकल्प लिया। प्यारा न्यारा ग्रुप में ईसर गोरा बनी जोड़ी ने आर्कषण नृत्य प्रस्तुत किया एवं ग्रुप की सभी महिलाओं ने भी सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही मनोरंजक गेम खिलाकर सभी का मन मोह लिया। रुचिता अग्रवाल एवं सोनिया अग्रवाल ने मंच संचालन का काम संभाला। आयोजक ग्रुप में सुनीता अग्रवाल, दीपा, संध्या,वनिता नीतिका, जया मोनिका, सरिता, कविता, सपना, अल्पना जयंती ने कार्यक्रम की बांगडोर संभाली।

## पांच मंडलों ने मनमोहक प्रस्तुति दी माता-बहनों ने दिए सुंदर झालरे



हरदा। ग्राम बालागांव में आयोजित गणगौर महोत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के तृतीय दिवस पांच मंडलों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रहीं। दिन के समय माता-बहनों एवं गोरनी बाई द्वारा आम के पेड़ के नीचे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ झालरे दिए गए। इस दौरान आसपास से आई महिला मंडलियों ने भी सुंदर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं रात्रि के समय गांव की महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ झालरे दिए, जबकि स्थानीय युवाओं ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

## युवक ने जहरीला पदार्थ सेवन कर की आत्महत्या

**हरदा।** रविवार को सादानी कम्पाउंड निवासी एक 35 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत भोपाल ले जाते समय रास्ते में हुई। शाम पांच बजे मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सादानी कम्पाउंड निवासी जितेंद्र पिता जगदीश गौर (35) ड्राइविंग का काम करता था। उसने रविवार सुबह करीब 11 बजे सल्फास के दो पाउच खा लिए। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर किया। हालांकि, भोपाल ले जाते समय भेरुदा के पास उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक ने दो शादियां की थीं। उसकी पहली पत्नी किन्हीं कारणों से उसे छोड़कर चली गई थी।

प्राइवेट स्कूल संचालकों होली मिलन संपन्न

## आरटीई में मिलते सिर्फ 6 हजार रुपए अन्य राज्यों में 4 गुना ज्यादाः राजपूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स जिला हरदा द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन पिनेकल स्कूल, हरदा में किया गया। कार्यक्रम में हरदा, खिड़किया, टिमरनी, सिराली, रहटगांव, हंडिया और चारुवा क्षेत्र के निजी विद्यालयों के संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष नवीन पांडे, महासचिव नितिन नेगी तथा गिरीश सिंहल ने किया। इसके बाद उपस्थित संचालकों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए संगठन की एकता और मजबूती पर चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए संचालकों ने अपने विचार रखे। खिड़किया से जय सिंह राजपूत और बृजेश राज्यवैद्य, टिमरनी से अंकुश अग्रवाल और शैलेंद्र राजपूत, सिराली से सचिन अग्रवाल तथा हरदा से नरेंद्र सिंह तोमर, संकल्प जैन सहित अन्य साथियों ने निजी विद्यालयों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष नवीन पांडे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत ने संगठन की आवश्यकता और उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संगठन का विस्तार जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक हुआ है और कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फीस से संबंधित नियमों में संशोधन करवाने के लिए संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रति विद्यार्थी शिक्षा पर 40 से 50 हजार तक खर्च किया जाता**

उन्होंने यह भी कहा कि संगठन शीघ्र ही सरकार के साथ बैठक कर आरटीई के अंतर्गत मिलने वाली फीस में वृद्धि की मांग करेगा। वर्तमान में आरटीई के तहत प्रति विद्यार्थी लगभग 5 से 6 हजार रुपये मिलते हैं, जिसे अन्य राज्यों की तरह लगभग 25 हजार रुपये तक किए जाने की मांग संगठन करेगा। दीपक सिंह राजपूत ने कहा कि जहां एक ओर शासन द्वारा सरकारी विद्यालयों में प्रति विद्यार्थी शिक्षा पर लगभग 40 से 50 हजार रुपये तक खर्च किया जाता है, वहीं निजी विद्यालय औसतन लगभग 15 हजार रुपये फीस में ही विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष नवीन पांडे ने बताया कि संगठन द्वारा शीघ्र ही जिले के सभी विकासखंडों में नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि संचालकों की समस्याओं पर सामूहिक रूप से चर्चा कर समाधान निकाला जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि अगला दिवाली मिलन समारोह हरदा स्कूल ऑफ एजुकेशन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी विद्यालय संचालकों एवं उपस्थित पत्रकार साथियों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

## शराब दुकानों की चतुर्थ चरण की नीलामी आज से

**हरदा।** नवीन आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के अनुसार हरदा जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार, जिले की शेष रही 12 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 5 समूहों में बांटकर चतुर्थ चरण अंतर्गत ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। यह कार्रवाई 16 से 17 मार्च तक संपन्न होगी। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि ई-टेण्डर से निष्पादन के लिये जारी कार्यक्रम अनुसार ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड व ऑफर सबमिट करने की तिथि 16 मार्च को प्रातः 10 बजे से 17 मार्च को शाम 4 तक रहेगी। इसी प्रकार ई-टेण्डर की प्रक्रिया 17 मार्च को सम्पन्न होगी। उन्होने बताया कि ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की कार्यवाही जिला निष्पादन समिति द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी।

# चौपाल लगाकर कृषकों को जागरुक कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



कृषि विभाग टिमरनी द्वारा ग्रामों में नरवाई प्रबंधन एवं खेतों की आग से सुरक्षा अभियान चला कर चौपाल के माध्यम से कृषकों को जागरूक किया जा रहा है। रहटगांव विकास खंड टिमरनी के समस्त कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा ग्राम में जाकर चौपाल के माध्यम से नरवाई ना जलाने की समझाइश दी जा रही है, एवं कृषकों को बताया जा रहा है। कि हार्वेस्टर से कटाई के उपरांत भूसा मशीन से फसल अवशेषों को भूसे में परिवर्तित करे एवं आगामी जायद की फसल बुवाई के लिए सुपर सीडर, हैप्पी सीडर ,का प्रयोग करे जिस क्षेत्र में दोनों यंत्र नहीं है वहां पर मल्चर यन्त्र या रोटावेटर यंत्र से नरवाई प्रबंधन के उपरांत ही जायद फसल की बुवाई करें, नरवाई न जलाने के फायदे भी कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारियों द्वार कृषकों से साझा किये जा रहे है। मृदा हार्ड नहीं होती,मृदा में उपस्थित पोषक तत्वों का ह्रास नहीं होता,फसल के वायु संचार सुचारू रूप से होता है। उर्वरक उपयोग क्षमता में वृद्धि होती है। पर्यावरण प्रदूषित होने से बचता है। वायुमंडल के तापमान में वृद्धि नहीं होती,आग से होने वाली धन जन हानि से सुरक्षा, नरवाई न जलाने के कारण कृषकों को 6-7 हजार रु का अप्रत्यक्ष लाभ। इसी तारतम्य में उपसंचालक कृषि द्वारा चल रही चौपाल को संबोधित किया एवं कृषकों से वाद संवाद कर कृषकों की समस्या सुनी एवं कृषकों को नरवाई न जलाने संबंधित शपथ दिलाई। उपसंचाल कृषि जवाहर लाल कास्दे द्वारा कृषकों को मूंग के विकल्प के रूप में उड़द, मूंगफली लगाने की सलाह दी जो कि विभाग के माध्यम से योजना के तहत कृषकों को वितरण की जाएगी, उपसंचाल कृषि द्वारा बताया गया कि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया के माध्यम से उक्त बीज प्राप्त किया जा सकता है इच्छुक कृषक विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ ले सकते है।

## विधायक दोगने के जन्म दिन पर आयोजन होगा



**हरदा।** क्षेत्रीय विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने का सोमवार को जन्मदिन है। इसी उपलक्ष्य में 11 बजे उनके निज निवास हरदा पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों व समर्थकों द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम में जिले के समस्त कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

